दैनिक
# न्याय साक्षी



## महत्वपूर्ण एवं खास

### चाकू दिखाकर मोबाईल लूटा,रिपोर्ट दर्ज

**रायपुर(आरएनएस)।** भांजे के यहा जा रहा युवक को रास्ते में दो युवकों ने चाकू की नोक पर मोबाईल लूटकर फरार हो गये। घटना की रिपोर्ट पर पण्डरी थाने में मामला दर्ज कर धारा 392 के तहत अपराध दर्ज कर लिया गया है। मिली जानकारी के अनुसार टीकम कुमार सिन्हा पिता ईश्वरी प्रसाद सिन्हा उम्र 27 साल पार्वतीनगर मुर्राभटटी पण्डरी निवासी ने रिपोर्ट दर्ज कराया है कि पण्डरी माल धक्का मैदान पास आरोपी अज्ञात 2 व्यक्ति ने प्रार्थी जो अपने साथी ठाकुरराम साहु के साथ मोटर सायकल से अपने भांजा के यहा जा रहा था जहां रास्ते मे प्रार्थी का सौच करने चला गया इसी दौरान आरोपी सदर आकर पैदल आकर चाकु से डरा धमका कर माईक्रोमेक्स कम्पनी का शासकीय मोबाईल लूटकर फरार हो गये । प्रार्थी की रिपोर्ट पर पुलिस ने पण्डरी थाने में दोनों आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया गया है।

### पैदल जा रही महिला का पर्स छीनकर स्कूटी सवार लड़के फरार, रिपोर्ट दर्ज

**रायपुर(आरएनएस)।** स्कूटी सवार लड़कों ने पैदल जा रही महिला का पर्स लूटकर फरार हो गये। पर्स में नगदी 20हजार रुपये सहित 100 ग्राम चांदी का सिक्का छीनकर फरार हो गये। महिला ने अपने साथ हुई लूट की घटना की रिपोर्ट पर धारा 379 के तहत मामला दर्ज कर जांच में लिया है। मिली जानकारी के अनुसार अंकित बिलवाडे पति संजय बिलवाडे उम्र 40 साल निवासी कोटा सरस्वती नगर नौकार अपार्टमेंट चौबे कालोनी से पैदल जा रही थी तभी स्कूटी सवार दो लड़के अचानक उनके पास रखे पर्स को छिनकर फरार हो गये। पर्स में 1 नग एमआई कम्पनी का मोबाईल फोन, चांदी का 100 ग्राम सिक्का, नगदी 20000 रुपये खिच कर भाग गए की रिपोर्ट पर सरस्वती नगर थाने अपराध कायम कर विवेचना मे लिया गया है।

### शराब दुकान के पास से मोटरसायकल की चोरी

**रायपुर(आरएनएस)।** कचना शराब दुकान के पास से खड़ी मोटरसायकल किसी अज्ञात चोर ने चोरी कर लिया। प्रार्थी ने चोरी की रिपोर्ट पण्डरी थाने में दर्ज कराया है। अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 379 के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। मिली जानकारी के अनुसार नवीन कुमार 23वर्ष पिता नवीन कुमार सिविल लाईन ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि कचना शराब दुकान पास से आरोपी किसी अज्ञात चोर प्रार्थी की खडी हीरो फैशन प्रो मोसा क्र सीजी 04-डीडब्लू/3065 कीमती 15000 रू. चोरी कर ले गया की रिपोर्ट पर अपराध कायम कर विवेचना मे लिया गया है ।

### अगवा एक ग्रामीण की नक्सलियों ने की हत्या

**बीजापुर(आरएनएस)।** दो दिनों पूर्व नक्सलियों ने गंगालूर थाना क्षेत्र से दो ग्रामीणों का अपहरण किया था ,जिनमे से एक ग्रामीण की हत्या कर शव को सड़क पर फेंक दिया है, वही भोपालपटनम क्षेत्र में चुनाव के विरोध में भारी मात्रा में पर्चे फेंका है । जिले के गंगालूर थाना क्षेत्र के बन्देपारा से दो ग्रामीणों का नक्सलियों ने अपहरण कर लिया था, जिनमे से एक ग्रामीण आयतू हेमला पर मुखबिरी का आरोप लगा कर शव को गांव के नजदीक फेंक दिया वही दूसरे ग्रामीण को रिहा कर दिया है । जबकि भोपालपटनम थाना क्षेत्र के उह्लूर में भारी मात्रा में पर्चा फेंक कर चुनाव व भाजपा का विरोध किया है वही सभी राजनीतिक दलों के प्रत्याशियों के फोटो पर क्रॉस निशान लगाते हुए उन्हें जूतों और चप्पलों से मार भगाने की बातें लिखी हुई है। लगातार नक्सलियों द्वारा चुनाव बहिष्कार किये जाने से अंदरूनी क्षेत्र में काफी दहशत का माहौल व्याप्त है ।

### किचन से मंगलसूत्र चोरी

**रायपुर(आरएनएस)।** किचन में रखा सोने की मंगलसूत्र किसी अज्ञात चोर ने चोरी कर लिया। महिला की रिपोर्ट पर गंज थाना पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 380 के तहत मामला दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार लिना केलकर 60वर्ष पति आनंद केलकर निवासी केलकर पारा गंज थाना ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि केलकरपारा गंज मे आरोपी कोई अज्ञात चोर प्रार्थीया के घर मे खुले दरवाजे से कमरे अंदर प्रवेश कर किचन के प्लेट फार्म पर रखे 1 नग सोने का मंगलसूत्र कीमती चोरी कर ले गया। काम करते वक्त महिला अपना मंगलसूत्र किचन की प्लेटफार्म पर रख दिया प्रार्थिया की रिपोर्ट पर अपराध कायम कर जांच मे लिया गया है ।

### भिलाई पॉवर हाउस क्षेत्र में फटाखा फोड़ने के मामले में सुप्रीम कोर्ट के आदेश की हुई अवहेलना

**भिलाई(आरएनएस)।** हाल ही में फटाखों से होने वाले शोर शराबे एवं प्रदूषण को लेकर सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिका पर निर्णय देते हुए न्यायालय ने कम आवाज के फटाखे एवं प्रदूषण को ध्यान में रखकर रात आठ से दस बजे के मध्य फटाखा फोड़ने का आदेश जारी किया था। अपने आदेश में आदेश का क्रियान्वयन नहीं होने पर संबंधित थाना प्रभारी के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई के लिए भी स्थानीय के लिए भी स्थानीय प्रशासन को कार्रवाई के निर्देश दिए गए थे। बावजूद इसके धनतेरस के अवसर पर भिलाई पॉवर हाउस क्षेत्र में खुलेआम देर रात तक फटाखे फूटते रहे। मिली जानकारी के अनुसार टंकी मरौदा, स्टेशन मरौदा, रिसाली सेक्टर, नेवई, कैंप व अन्य अंदरूनी क्षेत्रों में देर रात तक तेज आवाज वाले फटाखे फूटने की सूचना मिली है। स्थानीय प्रशासन एवं संबंधित थाना प्रभारी द्वारा सुप्रीम कोर्ट के आदेश की अव्हेलना होने पर प्रबुद्ध नागरिकों ने आक्रोश व्यक्त करते हुए पुलिस अधीक्षक दुर्ग से प्रभावी कार्रवाई हेतु संबंधित थाना प्रभारियों को सख्त निर्देश देने की मांग की है। गौरतलब है कि आज नरक चौदस सात को दीपावली, आठ को अन्नकूट एवं नौ को भाईदूज का पर्व मनाया जाना बाकी है।

# विस चुनाव : रायपुर दक्षिण में होगा रोमांचक मुकाबला

## बृजमोहन को घेरने 46 प्रत्याशी चुनाव मैदान में

**रायपुर, 06 नवंबर (आरएनएस)।** राज्य में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए घमासान जारी हो गया है। जिला निर्वाचन कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार रायपुर के दक्षिण विधानसभा में भाजपा के प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल के खिलाफ सबसे अधिक प्रत्याशी चुनाव मैदान में डटे हुए हैं।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार नाम वापसी के पश्चात अब रायपुर नगर दक्षिण विधानसभा सीट में सबसे अधिक 46 प्रत्याशी चुनाव मैदान में डटे हुए हैं। यहां भाजपा की ओर से बृजमोहन अग्रवाल के मुकाबले कांग्रेस की ओर से कन्हैया अग्रवाल चुनाव मैदान में उतरे हैं। सामाजिक रूप से कन्हैया अग्रवाल की पकड़ भी मजबूत है तो वहीं उनकी छवि भी साफ-सुथरे नेता के रूप में है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेशाध्यक्ष कन्हैया



अग्रवाल एक तरह से युवा प्रत्याशी माने जाते हैं। कांग्रेस व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेशाध्यक्ष के पद पर रहते हुए उन्होंने अपनी एक अच्छी छवि बनाई है। सामाजिक कार्यों में भी वे बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं। इसके अलावा सुंदर नगर टोल प्लाजा मामले में कन्हैया अग्रवाल ने लंबी लड़ाई लड़ी है। लिहाजा क्षेत्र में उनकी पहचान एक अच्छे नेता के रूप में स्थापित हो चुकी है। माना जा सकता है कि क्षेत्र में उनकी अच्छी पकड़ और मिलनसार छवि होने के कारण कांग्रेस ने उन्हें दक्षिण सीट से प्रत्याशी बनाया है। इधर दक्षिण सीट पर लगातार जीत दर्ज करने वाले भाजपा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल की जीत की राह इस बार मुश्किल नजर आ रही है। इसका सबसे बड़ा कारण अंतराज्यीय बस अड्डा माना जा सकता है। क्षेत्र की जनता हरे-भरे खेत को पाटकर बस स्टैण्ड विकसित करने के पक्ष में नहीं थी। इसके बाद भी यहां खेतों को पाटकर बस स्टैण्ड बनाया जा रहा है। बृजमोहन अग्रवाल को सबसे ज्यादा लीड मिलने वाले क्षेत्र टिकरापारा और मठपारा इलाके में ही यह बस स्टैण्ड बन रहा है, लिहाजा इस इलाके की जनता इस बार नाराज नजर आ रही है। वहीं चुनाव मैदान में दो-दो अग्रवाल के शामिल हो जाने से व्यापारी वर्ग में भी उहापोह की स्थिति भांपी जा सकती है। चूंकि दोनो नेताओं की पकड़ अच्छी है और दोनों ही लोकप्रिय हैं, लिहाजा इस बार जीत का सेहरा किसके सिर बंधेगा यह कह पाना अब मुश्किल नजर आ रहा है।

# दिवाली पर दीयों से ऐसे सजाएं अपना घर



रोशनी और दीयों के बिना तो दिवाली के त्योहार के बारे में सोच भी नहीं सकते। ऐसे में सिर्फ दीयों को घर के बाहर बेतरतीब तरीके से रखने की बजाए अगर उसे सही तरीके से डेकोरेट करके रखा जाए तो उनकी खूबसूरती कई गुना बढ़ जाती है। हम आपको बता रहे हैं दिवाली के मौके पर अपने घर को दीयों से सजाने के बेस्ट आइडियाज....

आप चाहें तो मिट्टी के प्लेन दीये यूज करने की बजाए उन्हें अपनी पसंद और मनमाफिक कलर करके डेकोरेशन में उनका इस्तेमाल कर सकती हैं। इसके लिए आप सड़क किनारे मिलने वाले मिट्टी के दीये खरीदें और उन्हें अपनी पसंद के लाल, पीला, नीला, सुनहरे रंगों में रंगे और अपनी क्रिएटिविटी दिखाएं।

आप जितनी क्रिएटिविटी दिखाएंगी आपका घर उतना ही खूबसूरत लगेगा। आप चाहें तों किचन में पड़ी पुरानी टिन या फिर हर साल करवा चौथ के मौके पर खरीदी जाने वाली छन्नी का भी इस्तेमाल कर सकती हैं। टिन या छन्नी के बाहर वाले हिस्से को पेंट करके उसे लिविंग रूम में एक दूसरे से जोड़कर टांग दें। और फिर दीयों को इनके बीच में रख दें। खूबसूरत डेकोरेशन तैयार।

आप चाहें तो छोटे-छोटे शॉर्ट गिलासेज का भी इस्तेमाल कर सकती हैं। घर में आसानी से मिलने वाले इन गिलासेज के अंदर आप चाहें तो छोटे-छोटे टी-लाइट वाले दीये रख दें और फिर इन्हें फूलों से सजाकर बेहतरीन तरीके से लिविंग रूम को डेकोरेट कर लें। या फिर आप चाहें तो घर में मौजूद वाइन गिलास को उलटा कर दें उसके अंदर कुछ फूल भर दें और उल्टी साइड पर दीया रख दें।



# खूबसूरती निखारना है तो एलोवेरा का इस्तेमाल करें



ऐलोवेरा को ही घृतकुमारी और ग्वारपाठा नाम से भी जाना जाता है। कम से कम जगह में व छोटे से गमले में भी एलोवेरा आसानी से उगा जाता है। इसमें कई सौंदर्य तत्व पाए जाते हैं, जिस कारण से इसका प्रयोग कई सौंदर्य प्रसाधनों में किया जाता है। आइए, जानते हैं एलोवेरा के इस्तेमाल से मिलने वाले 5 सौंदर्य फायदे-

**होंठों को नरम करता है-** एलोवेरा में भरपूर मात्रा में विटामिन-ई होता है, इसलिए रूखे, कटे-फटे होठों पर इसे लगाने से होठ पूरी तरह से ठीक और तरम हो जाते है। आप चाहें तो एलोवेरा में थोड़ा सा जैतून का तेल भी मिकाकर रख सकते हैं और लिप बाम की तरह इसका उपयोग कर सकते हैं।

**थकी आंखों को ठंडक देता है-** अगर आपको आंखों में थकान लग रहीं हो, तो आप ऐलोवेरा का जेल आंखों के आस-पास लगा सकते हैं। कई अंडर-आई क्रीम में भी इसी का उपयोग किया जाता हैं। याद रहें, सिर्फ आंखों के आस-पास ही लगाना है।

**त्वचा पर आए रैशेस को हटाता है-** कई बार वेक्सिंग, थ्रेडिंग, प्लकिंग आदि कराने के बाद स्किन पर लाल रैशेस हो जाते हैं। इन रैशेस पर एलोवेरा जेल लगाने पर कुछ ही देर में रैशेस गायब हो जाएंगे।

**झुर्रियों को आने से रोकता है-** एलोवेरा में एंटी एजिंग तत्व होते है, जो चहरे पर फ़ाइन-लाइंस व झुर्रियों को नहीं आने से रोकते है। एलोवेरा जेल से नियमित चेहरे की मसाज करने से आपको झुर्रिया कम होती दिखेंगी।

**बालों को चमकदार बनाता है-** यदि आप एलोवेरा जैल व ज्यूस को मेहंदी में मिलाकर बालों में लगांगी तो आपके बाल चमकदार व स्वस्थ हो जाएंगे। एलोवेरा के कण-कण में सुंदर एवं स्वस्थ रहने के कई-कई राज छुपे पड़े हैं। यह संपूर्ण शरीर का कायाकल्प करता है। बस, जरूरत है तो रोजमर्रा की व्यस्त जिंदगी से थोड़ा सा समय अपने लिए चुराकर इसे अपनाने का।

# यूट्यूब पर नीरू बाजवा के लौंग लाची की धूम

**बॉलीवुड के इतर अगर देखा जाए तो रीजनल सिनेमा की काफी ज्यादा फैन फॉलोइंग है. इसी में अगर हम पंजाबी सिनेमा की बात करें तो यहां एमी विर्क, दिलजीत दोसांझ जैसे सुपरहिट एक्टर न सिर्फ अपनी एक्टिंग बल्कि अपनी गायकी से भी अपने फैन्स के दिलों में राज कर रहे हैं. हाल ही में एमी विर्क की फिल्म लौंग लाची ने जबर्दस्त पॉपुलैरिटी हासिल की है.**



गायक और अभिनेता एमी विर्क की फिल्म लौंग लाची में उनके साथ पंजाबी सिनेमा की खूबसूरत एक्ट्रेस नीरू बाजवा भी मौजूद हैं. बता दें इस फिल्म का प्रोडक्शन भी नीरू बाजवा ने ही किया है. वहीं इस फिल्म का टाइटल ट्रैक लौंग लाची इस साल अभी तक सबसे ज्यादा सुने गए गानों में शुमार हो चुका है.

वहीं नीरू और एमी के इस गाने का वीडियो भी यूट्यूब पर रिकॉर्ड तोड़ देखा गया. यूट्यूब पर इस गाने को अब तक 460,904,897

# अलीजा अग्निहोत्री जल्द ही करेगी बॉलिवुड में डेब्यू



बॉलिवुड में पिछले कुछ सालों में कई स्टारकिड्स ने फिल्मों में डेब्यू किया है। आने वाले कुछ समय में सारा अली खान और अनन्या पांडे बॉलिवुड में डेब्यू करने जा रही हैं। अब इन स्टारकिड्स की लिस्ट में एक और नाम जल्द जुड़ सकता है। कहा जा रहा है कि अतुल अग्निहोत्री और सलमान खान की बहन अलवीरा की बेटी अलीजा अग्निहोत्री जल्द ही बॉलिवुड में डेब्यू कर सकती हैं।

अगर खबरों की मानें तो अलीजा अग्निहोत्री को सलमान खान की अगली फिल्म दबंग 3 में कास्ट किया जा सकता है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, अभी अलीजा डान्स और ऐक्टिंग क्लासेज अटेंड कर रही हैं। ऐसा बताया जा रहा है कि बॉलिवुड की मशहूर कोरियॉग्रफर सरोज खान अलीजा को ट्रेनिंग दे रही हैं। सलमान के परिवार के एक नजदीकी सूत्र ने बताया है कि अलीजा भी इस ट्रेनिंग को काफी सीरियसली ले रही हैं।

अब जैसा कि हम सबको पता है कि इस फिल्म में सोनाक्षी सिन्हा सलमान के ऑपोजिट होती हैं तो यह बात तो पक्की है कि अलीजा को लीड रोल तो नहीं मिलेगा। हालांकि यह देखना दिलचस्प होगा कि दबंग 3 में भी सोनाक्षी को कास्ट किया जाता है या नहीं।